नन्हा मुन्ना राही हूँ,
देश का सिपाही हूँ,
बोलो मेरे संग,
जय हिन्द, जय हिन्द, जय हिन्द।।

रस्ते में चलूंगा न डर-डर के,
चाहे मुझे जीना पड़े मर-मर के,
मंज़िल से पहले ना लूंगा कहीं दम,
आगे ही आगे बढाऊँगा कदम,
दहिने बाएं दहिने बाएं, थम ?
नन्हा मुन्ना राही हूँ,
देश का सिपाही हूँ।।

धूप में पसीना बहाऊँगा जहाँ,
हरे-भरे खेत लहराएगें वहाँ,
धरती पे फाके न पाएगें जन्म,
आगे ही आगे बढाऊँगा कदम,
दहिने बाएं दहिने बाएं, थम ?
नन्हा मुन्ना राही हूँ,
देश का सिपाही हूँ।।

नया है ज़माना मेरी नई है डगर,
देश को बनाऊँगा मशीनों का नगर,
भारत किसी से रहेगा न कम,

आगे ही आगे बढाऊँगा कदम,
दहिने बाएं दहिने बाएं, थम ?
नन्हा मुन्ना राही हूँ,
देश का सिपाही हूँ।।

बड़ा हो के देश का सहारा बनूंगा,
दुनिया की आँखो का तारा बनूंगा,
रखूँगा ऊँचा तिरंगा परचम,
आगे ही आगे बढाऊँगा कदम,
दहिने बाएं दहिने बाएं, थम ?
नन्हा मुन्ना राही हू,
देश का सिपाही हूँ।।

शांति की नगरी है मेरा ये वतन,
सबको सिखाऊँगा मैं प्यार का चलन,
दुनिया मे गिरने न दूँगा कहीं बम,
आगे ही आगे बढाऊँगा कदम,
दहिने बाएं दहिने बाएं, थम ?
नन्हा मुन्ना राही हू,
देश का सिपाही हूँ।।

नन्हा-मुन्ना राही हूँ,
देश का सिपाही हूँ,
बोलो मेरे संग,
जय हिन्द, जय हिन्द, जय हिन्द।।

Source: https://www.bharattemples.com/nanha-munna-raahi-hu-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw